कार्यालय निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, नेहरू नगर, जयपुर

क्रमांकः–प–11(27)आरपीए/प्रशिक्षण/सीसीपीडब्ल्यूसी/2020/ 1064 दिनांकः– 24.2.2022

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,
प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर।

विषयः–CCPWC Scheme के तहत "03days Cyber Crime Awareness Course for Police Officers" में पुलिस अधिकारियों के मनोनयन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है, कि राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में माह फरवरी–2022 में CCPWC योजना के अन्तर्गत निम्न कोर्स आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित हैः–

क्र. सं.	कोर्स का नाम	प्रशिक्षण अवधि	रैंक	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या
1.	03 days Cyber Crime Awareness Course for Police Officers (CCPWC Scheme)	02.03.2022 से 04.03.2022	उप निरीक्षक व उनसे उच्च स्तर के अधिकारी	प्रत्येक कोर्स हेतु 35

इस हेतु निर्मित सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में 35 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिये जाने की क्षमता है। उक्त प्रशिक्षण कोर्स में सम्मिलित होने हेतु **प्रत्येक रेंज/आयुक्तालयों व साइबर थाना एस.ओ.जी./जयपुर आयुक्तालय से** उप **निरीक्षक व उनसे उच्च** स्तर के, कुल 35 प्रतिभागियों का मनोनयन आवश्यक रूप से करवाने की कृपा करावें। उक्त सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से **पुलिस थानों पर पदस्थापित** होने चाहिए। प्रत्येक कोर्स में **कम से कम 20 प्रतिशत (न्यूनतम 6) महिला** अधिकारियों का होना जरूरी है। प्रत्येक कोर्स में प्रतिभागियों के मनोनयन के साथ एक रिजर्व प्रतिभागी का नामांकन भी करें। इस कोर्स में मनोनीत किये जाने वाले अधिकारियों के नामों के साथ उनकी एसएसओ आईडी (SSO ID), Email ID व Whatsapp मोबाईल नम्बर अंकित कर भिजवाने का श्रम करें। उक्त कोर्स में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को निर्देशित करावें कि वे सिविल औपचारिक कार्यालय वेश–भूषा (जींस व स्पोर्टस शुज को छोड़कर) के अलावा वर्किगं यूनिफॉर्म, पीटी ड्रेस मय पीटी शूज के साथ अपनी उपस्थिति कोर्स के आरम्भ होने की दिनांक से पूर्व सायंकाल तक आवश्यक रूप से राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रस्तुत करेंगे। सभी अधिकारी अपने साथ मास्क लेकर आयेंगे। उक्त कोर्स में राजस्थान पुलिस अकादमी में निवास करना अनिवार्य होगा।

सभी मनोनीत प्रतिभागियों को निर्देशित करें कि कोर्स पूर्व जिन अधिकारियों के कोविड वैक्सीन के दो डोज लगे हुए हो वे कोविड प्रमाण–पत्र के साथ अपनी उपस्थिति देंगे एवं जिन अधिकारियों के एक कोविड वैक्सीन अथवा कोई भी वैक्सीन नही लगी हो वे कोविड की 72 घंटे पूर्व की नेगेटिव रिपोर्ट लेकर अकादमी में उपस्थिति देंगे। सभी मनोनीत अधिकारियों व कर्मियों के नाम एवं पदनाम व मोबाइल नम्बर आदि सूचना इस कार्यालय के ईमेल splcoinhouse.rpa@rajasthan.gov.in, ccpwcrajasthan@gmail.com पर भिजवाने का कष्ट करें।

भवदीय

उप निदेशक एवं प्राचार्य,
राजस्थान पुलिस अकादमी,
जयपुर।